सामना

# महाराष्ट्र बजट 2026 अक्षत खेतान की नजर में संतुलित विकास की कोशिश

**सामना संवाददाता / मुंबई**

महाराष्ट्र के बजट २०२६ को लेकर आर्थिक विश्लेषक अक्षत खेतान का मानना है कि यह बजट सामाजिक कल्याण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करता है। उनके अनुसार, सरकार ने इस बार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने और बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। खेतान के मुताबिक, राज्य के दीर्घकालिक आर्थिक विकास के लिए इन क्षेत्रों में निवेश बेहद महत्वपूर्ण है। किसानों के लिए घोषित दो लाख रुपये तक की ऋण माफी को अक्षत खेतान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को राहत देने वाला कदम मानते हैं। वे कहते हैं, 'जब किसानों पर कर्ज का दबाव कम होता है, तो उसका असर केवल खेती तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे ग्रामीण बाजार में मांग बढ़ने लगती है।' उनके अनुसार, इससे कृषि क्षेत्र में भरोसा और आर्थिक गतिविधियों में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकता है।

Hindi Saamana Edition
Mar 07, 2026 Page No. 6
Powered by: erelego.com